समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# सोने मे एंक महीने मे संबसे बड़ी गिरावट से डरे निवेशक, अब आगे होगा महंगा या और गिरेगी कीमत ?

Publisher
Published on 15 May 2025



## भारत की अगर बात करे तो यहां पर सोना गुरुवार को गिरकर 91,250 रुपये पर आ गया है. 23 अप्रैल को सोना रिकॉर्ड एक लाख रुपये का छू रहा था.

आसमान को छूने के बाद सोना के दाम में अब भारी गिरावट देखी जा रही है. अप्रैल में अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3,500 डॉलर प्रति औंस को छूने के बाद अब सोना 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,140 डॉलर पर कारोबार कर रहा है. पिछले सत्र की तुलना में सोना और 2 प्रतिशत नीचे गिरकर पांच हफ्ते के सबसे निचले स्तर पर आ गया है. इसकी मुख्य वजह अमेरिका और चीन के बीच हाल में हुई ट्रेड डील है.

ट्रंप के टैरिफ के चलते दुनिया की दो आर्थिक महाशक्ति आमने-सामने आ गई थी. लेकिन, जेनेवा में दोनों देशों के बीच चली दो दिनों की लंबी बातचीत के बाद 90 दिनों तक टैरिफ कटौती पर आपसी सहमति बन गई है. अमेरिका ने चीन से आयातित सामानों के ऊपर टैरिफ को अब घटाकर 145 प्रतिशत से 30 प्रतिशत करने के एलान किया है, जबकि चीन ने अमेरिका से आयातित सामानों के ऊपर टैरिफ को 125 प्रतिशत से कम कर 10 प्रतिशत कर दिया है.

क्या होगा आगे ?
इसके साथ ही, राष्ट्रपति ट्रंप लगातार जापान, दक्षिण कोरिया, भारत, अमेरिका और जापान के साथ बातचीत कर रहे हैं. दूसरी तरफ, मध्य-पूर्व के अपने दौरे में राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से सीरिया लगे प्रतिबंधों में भी कुछ रियायतों का ऐलान किया जा सकता है. इससे भू-राजनीतिक तनाव में भी कमी आ सकती है. कम हुए वैश्विक तनाव के बाद सोने की अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग में अब

पहले की तुलना में कमी देखी जा रही है.

भारत की अगर बात करें तो यहां पर सोना गुरुवार को गिरकर 91,250 रुपये पर आ गया है. 23 अप्रैल को सोना रिकॉर्ड एक लाख रुपये का छू रहा था. ऐसे में एक महीने में सोना में 8.75 प्रतिशत यानी 8,750 रुपये की गिरावट आयी है.

निवेशकों के पास क्या ऑप्शन ?

लगातार सोने की गिरती कीमतों से इस वक्त निवेशकों के मन में भविष्य को लेकर संशय बना हुआ है. वे डरे हुए हैं. हालांकि, बाजार के जानकारों का मानना है कि घरेलू बाजार में सोने की कीमतें अभी और गिर सकती है और ये 87 हजार रुपये 88 हजार रुपये के बीच आ सकती है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.